# नव भारत

भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण




4 बच्चों के लिए जानलेवा कफ सिरप



5 मोदी सरकार मदद में देरी नहीं करेगी : शाह



8 आर्थिक तंगी कर रही हमें प्रभावित



9 भुवनेश्वर में नमो सेमीकंडक्टर लैब को मंजूरी

# डॉ. प्रवीण सोनी गिरफ्तार

## केंद्र ने सभी राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों के साथ की बैठक

**भोपाल/छिंदवाड़ा/दिल्ली, 05 अक्टूबर (वार्ता) छिंदवाड़ा जिले में जहरीली कफ सिरप से 11 बच्चों की मौत के मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर जिले के परासिया में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर गिरफ्तार कर लिया है।**

एफआईआर के अनुसार बेंगलुरु की दवा निर्माता कंपनी श्रीसन के संचालकगण, डॉक्टर प्रवीण सोनी एवं अज्ञात पर बीएस की धारा 105, 276 एवं 27 ए के तहत प्राथमिक की दर्ज की गई है।

छिंदवाड़ा में कार्रवाई करते हुए औषधि विभाग के दलों ने कार्रवाई करते हुए तीन एजेंसी पर कार्रवाई की है, जिसमें आयुष फार्म एजेंसी में कार्रवाई के दौरान श्री श्रेषन फार्मासिटिकल कंपनी के अन्य सिरप प्रोनेट-एक्स टी, हैपसांडिन सिरप, रेस्पो लाइट और प्रोनेट को जब्त किया है।

वहीं न्यू अपना और आशीर्वाद मेडिकल में भी कार्रवाई की है। जांच दल में बालाघाट और



डॉ. प्रवीण सोनी

छिंदवाड़ा के अधिकारी शामिल है। एहतियातन के तौर पर इन सभी सिरप को जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि इसके पूर्व बच्चों को कोल्ड्रिफ और नेक्सट्रो-डीएस दिया गया था, जिसके पीने से बच्चों की किडनी फैल होने से मौत हुई थी।

वहीं इस मामले में केंद्र सरकार एक्शन में आ गयी है। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों के साथ अहम बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने खांसी की दवाओं की गुणवत्ता और उचित उपयोग पर चर्चा की. उन्होंने सभी दवा निर्माताओं को संशोधित शेड्यूल एम का सख्ती से पालन करने और नियमों का उल्लंघन करने वाले कारखानों के लाइसेंस रद्द करने का निर्देश दिया।

### जहरीले कफ सिरप पर यूपी में भी रोक

**लखनऊ.** मेसर्स श्री सन फार्मास्युटिकल के कफ सिरप पर यूपी में भी रोक लगा दी गई है. इस संबंध में सहायक आयुक्त औषधि प्रशासन की तरफ से अफसरों को निर्देश भेज दिए गए हैं. उन्होंने सरकारी और निजी संस्थानों में दवा की सैंपलिंग के निर्देश दिए हैं. सरकारी और निजी संस्थानों में कफ सिरप के आयात -निर्यात पर भी रोक रहेगी. अब सरकारी और निजी संस्थानों से कप सिरप के नमूने लिए जाएंगे. उत्तर प्रदेश के सभी ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश जारी कर दिया गया है.

## कोल्ड्रिफ से आमला ब्लॉक के दो बच्चों की मौत की आशंका

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 5 अक्टूबर.** आमला में कोल्ड्रिफ कप सिरप से दो बच्चों की मौत की आशंका जताई जा रही है. हालांकि इसकी पुष्टि भी नहीं हुई है. एक बच्चे का उपचार परासिया में किया गया था. परिजनों के अनुसार, 24 अगस्त को आमला के कलमेश्वरा के कबीर पिता कमलेश (4) को बुखार आने पर परासिया के डॉक्टर प्रवीण सोनी को दिखाया गया. सुधार नहीं होने पर परिजन बच्चे को पहले नागपुर और फिर भोपाल ले गए. लेकिन यहां कबीर की मौत हो गई. दूसरी घटना लादी ग्राम की है. यहां ढाई साल के गर्मित पिता निखिलेश की तबीयत बिगड़ने पर उसका इलाज कराया जा रहा था, लेकिन एक अक्टूबर को गांव में ही उसकी मौत हो गई. सूत्रों के अनुसार दोनों बच्चों का प्राथमिक उपचार परासिया के डॉ. प्रवीण सोनी द्वारा किया गया था. दूसरी ओर इस मामले में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि दोनों बच्चों का इलाज जिले के शासकीय या निजी अस्पताल में नहीं हुआ और जिले में कोल्ड्रिफ सिरप बेचा भी नहीं गया.

### 6 राज्यों में जांच शुरू

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में उन फैक्ट्रियों की जांच शुरू कर दी है जहां से संदिग्ध दवाएं बनी थीं। बता दें कि मामले में सीडीएससीओ ने 19 दवाओं के सैंपल इकट्ठे किए हैं, जिनमें खांसी की सिरप, एंटीबायोटिक और बुखार की दवाएं शामिल हैं।



## बारिश और भूस्खलन के कारण 15 लोगों की मौत

**नई दिल्ली/सिलीगुड़ी 05 अक्टूबर. दार्जिलिंग के मिरिक और सुखिया पोखरी में लगातार बारिश और भूस्खलन के कारण कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने कहा है कि दार्जिलिंग जिला पुलिस द्वारा जारी बचाव अभियान के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।**

भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के कारण पश्चिम बंगाल और सिक्किम के बीच सड़क संपर्क टूट गया है। भारी बारिश ने जलपाईगुड़ी, सिलीगुड़ी और कूचबिहार को भी प्रभावित किया है, जिससे कई इलाकों में जलभराव हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सिक्किम के सभी छह जिलों के लिए दो रेड अलर्ट जारी किए, जिसमें मध्यम गरज के साथ बिजली गिरने, भारी बारिश और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं का अनुमान लगाया गया।

### हर संभव सहायता दी जाएगी : प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है और सरकार प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा, दार्जिलिंग में एक पुल दुर्घटना में हताहत हुए लोगों के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ, जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है।

### एक नजर में



#### पन्ना टाइगर रिजर्व में नर तेंदुए की मौत

**पन्ना.** शुक्रवार को परिक्षेत्र गहरीघाट अन्तर्गत वन क्षेत्र में एक नर तेंदुए मृत पाया गया। उपसंचालक पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मौके पर पाए गए साक्ष्यों एवं तेंदुए के शरीर पर पाए गए जख्मों से तेंदुए की मृत्यु किसी मांसाहारी वन्यजीव से आपसी संघर्ष से होना प्रतीत होती हैं। वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, टाइगर रिजर्व के संचालक की उपस्थिति में शनिवार को तेंदुए के शव परीक्षण किया गया एवं आवश्यक सैंपल एकत्रित किए गए. जिसके बाद रेस्क्यू सेंटर के पास उक्त तेंदुए का सभी अंगों सहित अंतिम संस्कार (शव विनिष्टीकरण) नरेश यादव, क्षेत्र संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व, उप संचालक, सहायक संचालक आदि की मौजूदगी में किया गया.

#### 20 अक्टूबर को ही मनेगी दीपावली

**वाराणसी।** इस बार दीपावली की तिथि को लेकर उपजे विवाद के बीच काशी के विद्वानों ने ज्योतिषीय गणना के जरिए तिथि का नर्धािरण किया है। स्पष्ट तौर पर वजहों को भी बताते हुए आगामी 20 अक्टूबर की तिथि को ही दीपावली के लिए शुभ मुहूर्त के तौर पर मान्य किया है। हालांक सेबी की ओर से दीपावली का मुहूर्त ट्रेडिंग 21 अक्टूबर को रखा गया है, जिसकी वजह से निवेशकों के बीच भी असमंजस की स्थिति है। कुछ पंचांगों में दीपावली की तिथि 21 अक्टूबर भी दर्शा दिए जाने के कारण भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ऐसे में श्रीकाशी विद्वत परिषद के धर्मशास्त्र एवं ज्योतिष प्रकोष्ठ की आनलाइन बैठक परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रो. रामचंद्र पांडेय की अध्यक्षता में हुई। इसमें दीपावली पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया.

## असम और एमपी के बीच पर्यटन में साझेदारी

- सीएम ने काजीरंगा नेशनल पार्क का किया भ्रमण
- चाय बागान में श्रमिकों और बहनों से किया संवाद



**भोपाल, 5 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने असम प्रवास के दौरान रविवार को विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और चाय बागान का भ्रमण किया. उन्होंने चाय उत्पादन की प्रक्रिया को नजदीक से देखा और बागान में कार्यरत श्रमिकों व स्थानीय बहनों से आत्मीय संवाद किया.**

डॉ. यादव ने कहा कि चाय उद्योग असम का गौरव और अर्थव्यवस्था का प्रतीक है. परिश्रम, अपनत्व एवं सादगी की धरती असम और मध्यप्रदेश के बीच व्यापार और उद्योग के साथ-साथ ईको-टूरिज्म और वन्य जीव पर्यटन की दिशा में परस्पर सहयोग, विश्वास और साझेदारी को बढ़ाने के लिए विशेष पहल की जाएगी.

मुख्यमंत्री ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीव संरक्षण की मनमोहक झलक देखी. उन्होंने हाथियों को गन्ना खिलाकर स्नेह जताया और वन्यजीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे नवाचारों की जानकारी प्राप्त की. इस दौरान डॉ. यादव ने एक अजगर को प्राकृतिक आवास में छोड़ा.

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एक सींग वाले गैंडे के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है और इसे यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है. यह उद्यान हाथियों, जंगली भैंसों, दलदली हिरणों और सैकड़ों दुर्लभ पक्षी प्रजातियों का आश्रय स्थल है. वन्यजीवों की विशाल संख्या के साथ यह क्षेत्र पूर्वी हिमालयी जैव विविधता का प्रमुख केन्द्र भी माना जाता है.

## दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान में 14 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद, 05 अक्टूबर (वार्ता).** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 14 आतंकवादी मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने तुरबत जिले में आंतकवादियों के छिपे होने की खूफिया सूचना मिलने के बाद एक अभियान चलाया। सुरक्षा बलों के इलाके की घेराबंदी करने के बाद वहां छिपे आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जबावी कार्रवाई की, जिसमें 14 आतंकवादी मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। इस दौरान आतंकवादियों के ठिकाने को ध्वस्त कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र में बचे हुए आतंकवादियों के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है।

## भारतीय समाज अपनी जीवन पद्धति अपनाएं

### डॉ. मोहन भागवत ने सतना में बाबा मेहर शाह के दरबार का किया लोकार्पण

**सतना, 05 अक्टूबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने कहा कि अब समय आ गया है जब भारतीय समाज को अपनी जीवन पद्धति, परंपराओं और संस्कृति के अनुरूप आचरण करना चाहिए. उन्होंने कहा कि भोजन, भजन, भाषा, भूषण और भवन सब अपना होना चाहिए.**

डॉ. भागवत रविवार को सतना में सिंधी समाज के धर्मगुरु बाबा मेहर शाह के नवनिर्मित दरबार के लोकार्पण समारोह में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और सांसद गणेश सिंह भी उपस्थित रहे. संघ प्रमुख ने अपने लगभग 45 मिनट के बौद्धिक में भारतीय



समाज में बढ़ते विदेशी संस्कृति के अंधानुकरण पर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि अब समाज में इसके दुष्परिणाम स्पष्ट दिखने लगे हैं. भागवत ने कहा कि भारत की पुरातन संस्कृति सर्वोत्तम है और विदेशी परंपराओं को केवल आवश्यकता अनुसार ही अपनाया जाना चाहिए.

उन्होंने कहा कि स्थिति ऐसी हो गई है कि लोग अपनी बोली और भाषा तक भूलने लगे हैं. इस संदर्भ में उन्होंने तीन स्तरीय भाषा फार्मूले की वकालत की—एक, जो पूरे प्रांत की भाषा हो; दूसरी, जो क्षेत्र में बोली जाती हो; और तीसरी, जो व्यक्ति की अपनी मातृभाषा हो.



## पोलिंग बूथ पर 1200 से अधिक वोटर नहीं होंगे : ज्ञानेश कुमार

- सीईसी ने की पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस
- 22 नवंबर से पहले विस चुनाव संपन्न होंगे

**पटना 05 अक्टूबर. बिहार में चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग की लगभग 40 एप्लीकेशन अब तक बन चुकी थीं।**

इन सभी को मिलाकर एक कम्प्यूटर प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। इसका प्रोग्रेसिव इंप्लीमेंटेशन अभी जारी है। बिहार में इसको लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पोलिंग बूथ पर मतदाताओं की संख्या ज्यादा होने पर लाइनें लगती थीं, इसलिए पोलिंग बूथ पर 1200 से अधिक वोटर नहीं होंगे। यह व्यवस्था बिहार से शुरू होकर पूरे देश में लागू होगी। ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में 22 नवंबर से पहले विधानसभा चुनाव संपन्न होंगे, क्योंकि 22 नवंबर तक बिहार विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है। बिहार में 243 विधानसभा क्षेत्र हैं। इसमें दो सीटें एसटी और 38 सीटें एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं।

### बूथ लेवल एजेंट की ट्रेनिंग कराई

बिहार से शुरू होने वाली कुछ पहलों में सबसे पहले ट्रेनिंग शामिल है। बूथ लेवल एजेंट की पहली बार चुनाव आयोग ने ट्रेनिंग कराई। बिहार के सभी बूथ लेवल एजेंट की ट्रेनिंग दिल्ली में कराई गई। बूथ लेवल अफसरों की आईआईआईडीईएम में ट्रेनिंग कराई गई। देशभर के लगभग 700 बूथ लेवल अफसर और सुपरवाइजर की ट्रेनिंग पूरी की जा चुकी है।


MARUTI SUZUKI ARENA

त्योहारों की ख़ुशी अब हुई और बड़ी

GST लाभ और सीमित अवधि फैस्टिव ऑफ़र्स के साथ
6 अक्टूबर, 2025 तक मान्य

| MODEL | S-PRESSO | ALTO K10 | CELERIO | WAGONR | SWIFT | DZIRE | BREZZA | ERTIGA | EECO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| REDUCTION IN PRICE^ (₹) UP TO | 129 600 | 107 600 | 94 100 | 79 600 | 84 600 | 87 700 | 112 700 | 46 400 | 68 000 |
| NOW STARTING AT^ (₹) | 349 900 | 369 900 | 469 900 | 498 900 | 578 900 | 625 600 | 825 900 | 880 000 | 518 100 |
| ADDITIONAL FESTIVE OFFERS* (₹) UP TO | 57 500 | 67 500 | 62 500 | 72 500 | 63 750 | 2 500 | 56 000 | - | 47 500 |

BOOK NOW | UP TO 100% PROCESSING FEE WAIVER ON CAR FINANCE#



ARENA SAFETY SHIELD

SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM

Contact us at 1800-102-1800

T&C available at dealership. Features/accessories vary by variant. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. *Offers / Prices differ by variant/model/location/city and may change or end without notice. Includes consumer, exchange, and institutional/rural offers (where applicable) on select models. Offer values shown are maximums. Prices subject to GST rates as notified by the Government. ^Reductions and starting prices vary by variant. #Valid with select financiers, for personal-use vehicles only.